झोली भर बाबा खुशियों से मेरी

प्यारे श्याम धनी दुनियां से सुनी महिमा तेरी,
झोली भर बाबा खुशियों से मेरी.....

जो भी हारा है दर तेरे आता,
उसे तेरा सहारा मिल जाता,
मैं भी टूटा हूं जी, जग ने लूटा हूं जी हो गया ढेरी,
झोली भर बाबा खुशियों से मेरी.....

मैंने जिसको भी अपना है माना,
वक्त आने पे निकला बेगाना,
किस्मत खोटी मेरी आंख रोती मेरी कर ना देरी,
झोली भर बाबा खुशियों से मेरी.....

सारा जग कर गया है किनारा,
बस बचा है तो वो तेरा द्वारा,
जान से प्यारे जी, कर गए सारे जी, हेराफेरी,
झोली भर बाबा खुशियों से मेरी......

मेरा जीवन है तेरे हवाले,
ठुकरा चाहे अपना बनाले,
दिल में दर्द भरा सर झुकाए खड़ा चौखट तेरी,
झोली भर बाबा खुशियों से मेरी....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/30947/title/jholi-bhar-baba-khushiyon-se-meri

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |